| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

प्रेस वक्तव्य:
युवा राम भक्त रिंकू शर्मा की मोब लिंचिंग कर दिल्ली में नृशंस हत्या करने वाले सभी जिहादियों को अबिलम्ब फांसी पर लटकाओ: डॉ सुरेंद्र जैन.

नई दिल्ली। फरवरी 11, 2021।विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने कहा है कि दिल्ली के मंगोलपुरी में रिंकू शर्मा नामक एक कार्यकर्ता की जिस प्रकार जिहादियों के द्वारा निर्मम हत्या की गई वह घोर निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ मुस्लिम परिवार उसके घर में घुसे, कुछ महिलाओं ने हाथ पैर पकड़े और बाकियों ने उन्हें चाकू से गोद दिया। क्या कसूर था उसका? सिर्फ यही ना कि वह निधि समर्पण के कार्यक्रम कर रहा था? राम मंदिर के निर्माण के लिए धन संग्रह कर रहा था?

उन्होंने कहा कि इस प्रकार का निर्मम हत्या कांड किसी भी सभ्य समाज का परिचायक नहीं हो सकता। गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उसके बाद अब दिल्ली में जिस प्रकार की हिंसक प्रतिक्रिया निधि समर्पण कार्यक्रम के दौरान दिखाई दे रही है राम विरोधी सेकुलर बिरादरी और कुछ मुस्लिम नेता जिस प्रकार का भ्रम फैला रहे हैं और वैमनस्य पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, रिंकू की हत्या उसी जहर का परिणाम है जो जिहादियों के मस्तिष्क में भर चुका है। दुर्भाग्य जनक है किसी भी मुस्लिम नेता ने या सेकुलर नेता ने इस निर्मम हत्या कांड की आलोचना नहीं की और ना ही प्रशासन पर दबाव डाला है कि वह इन अपराधियों को पकड़ कर कठोरतम सजा दे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अभी तक उस परिवार के लिए संवेदना भी व्यक्त करने नहीं जा सके। हिंदू समाज इस परिस्थिति को किसी हालत में स्वीकार नहीं कर सकता। हम प्रशासन को चेतावनी देते हैं कि वह अभिलंब सभी हत्यारों की गिरफ्तारी करें। उन्हें कठोरतम सजा दिलाने की व्यवस्था करें।
उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू समाज अब इस हिंसा को स्वीकार नहीं कर सकता। यह हमारे लिए चुनौती है कि अब ये हत्याकांड और हिंसा रुकनी चाहिए।
Video statment of Dr Surendra Jain, Joint General Secretary

जारी कर्ता:
विनोद बंसल, रा.प्रवक्ता-विहिप